G20 महामारी कोष

स्रोत: द हिंदू

भारत सरकार ने महामारी की तैयारी और बचाव और भारत में पशु स्वास्थ्य सुरक्षा सुदृढ़ीकरण” पर महामारी निधि परियोजना शुरू की। यह महामारी निधि परियोजना 25 मिलियन डॉलर की है, जो G20 महामारी निधि द्वारा वित्तपोषित किया गया है।

- इस पहल की शुरुआत **कोविड-19** जैसी महामारियों के बचाव में की गई है, **जो** जानवरों से मनुष्यों में फैलने वाली बीमारियों के जोखिम को कम करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।
- **फंड/निधि के बारे में:**
  - इसे एशियाई विकास बैंक (ADB), खाद्य और कृषि संगठन (FOA) और विश्व बैंक के सहयोग से लागू किया जाएगा तथा इसका उपयोग अगस्त, 2026 तक किया जा सकता है।
  - **इस निधि का उद्देश्य ज़ूनोटिक रोगों (वे रोग जो पशुओं से उत्पन्न होते हैं और मनुष्यों में फैल जाते हैं) की** निगरानी और प्रबंधन के लिये एक मज़बूत ढाँचा तैयार करना है।
- **मुख्य उद्देश्य:**
  - पशु स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं का उन्नयन एवं विस्तार तथा प्रयोगशाला नेटवर्क का विकास करना।
  - प्रारंभिक चेतावनी के लिये जीनोमिक और पर्यावरण निगरानी सहित **रोग निगरानी को** बढ़ाना ।
  - बेहतर रोग प्रबंधन के लिये **सीमा पार सहयोग को** मज़बूत करना ।
  - **पशुधन क्षेत्र** के लिये **आपदा प्रबंधन ढाँचा** तैयार करना।
- **भारत की स्वास्थ्य संबंधी कमज़ोरियाँ:**
  - मानव रोग उत्पन्न करने वाले 60% रोगाणु घरेलू पशुओं या वन्यजीवों से उत्पन्न होते हैं।
  - उभरते हुए मानव रोगाणुओं में से 75% पशुजन्य हैं।
  - **वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा सूचकांक** में भारत का **स्कोर 42.8 रहा है**, जो महत्त्वपूर्ण पर्यावरणीय जोखिमों और सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों को दर्शाता है।

जी–20

- एशियाई वित्तीय संकट के बाद वैश्विक आर्थिक एवं वित्तीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिये **वर्ष 1999 में स्थापित**
- **स्थायी सचिवालय नहीं**
- **सदस्य:** 19 देश और यूरोपीय संघ (EU)
- **स्थायी अतिथि देश:** स्पेन
- G20 **शिखर सम्मेलन:** प्रतिवर्ष आयोजित होता है
- **2023 की अध्यक्षता:** भारत (**थीम** – एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य)
- **शेरपा:** ये G20 देशों के प्रतिनिधियों के रूप में कार्यावली एवं कार्यों का समन्वय करते हैं
- **ट्रोइका:** अध्यक्षता ट्रोइका द्वारा समर्थित है (ट्रोइका शब्द का इस्तेमाल पूर्व, वर्तमान और भविष्य की अध्यक्षता के संदर्भ में किया जाता है)

//

अधकि पढ़ें: [नई दलिली में 18वाँ G20 शखिर सम्मेलन]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/g20-pandemic-fund